लखनऊ, मेरठ, गाजियाबाद एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक

प्रभात प्रकाशन का 73वां साल
स्थापित 1944

प्रभात

सीधी बात-सच्ची बात

सुविचार
खुद की तरक्की में इतना वक्त लगा दो कि किसी दूसरे की बुराई का वक्त ही न मिले।

उद्यमियों को दिखाया सपने साकार करने का अवसर

कार्यशाला

- स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में स्टार्टअप परिक्रमा-7 का आयोजन

लखनऊ। प्रभात

गोसाइगंज स्थित स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) लखनऊ में तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम पर एक कार्याशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ आनंद मिश्रा, निदेशक नियोजन, उत्तर प्रदेश एवं सह निदेशक घनशयाम यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऐकेटीयू स्टार्टअप के सलाहकार. इन्जीनियर अभिषेक नंदन एवं सौरभ सिंह नें छात्र-छात्राओं को इस कार्यक्रम के विषय से अवगत कराते हुए उभरते हुए उद्यमियों को उनके सपनों को साकार करने का अवसर दिखाया जिससे वे ने केवल अपने अपितु अनेकों परिवारों का भरण.पोषण कर जीवन को एक नयी दिशा दे सकते हैं। मुख्य अतिथि डॉ. आनंद मिश्रा, निदेशक, नियोजन, उत्तर प्रदेश एवं सह निदेशक घनशयाम यादव ने छात्रों को सरकार द्वारा चलाये जा रहे उद्योग स्थापित करनें सम्बंधित परियोजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान की।

मुख्य अतिथि का स्वागत करते एसएमएस के महानिदेशक प्रो.भरत राज सिंह

संस्थान के महानिदेशक प्रो. भरत राज सिंह ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. आनंद मिश्रा, निदेशक, योजना, उत्तर प्रदेश, लता रस्तोगी, सह.संस्थापक न्यूजेन एप्प्स तथा सुशील अग्रवाल, एमडी, गोबिंद इंडस्ट्रीज, बाराबंकी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का अभिवादन करते हुए कहा कि डॉ. कलाम स्टार्टअप परिक्रमा कार्यक्रम कार्यक्रम के द्वारा डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ 40 स्टार्टअप परिक्रम कार्यक्रम का आयोजन करेगी जिसमें वह चयनित छात्रों को मेंटरशिप प्रदान कर रियल टाइम इन्वेस्टर्स से मिलाएगी ताकि वह अपने उद्योग को स्थापित करनें तथा सरकार के मेक इन इंडिया विज़न को चरितार्थ करने में सहयोग करेगी। कार्यक्रम में संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव शरद सिंह ने छात्रों का मनोबल बढाया।